## खबर संक्षेप

### बीडीपीओ कार्यालय के पिछले गेट पर लगा ताला

**रादौर।** बीडीपीओ कार्यालय के कस्बा की ओर पिछले गेट पर लंबे अर्से से ताला लगा होने से लोगों को अपने कार्यों के लिए कार्यालय में एक से डेढ़ किलोमीटर घूम कर जाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कार्यालय के पिछले गेट पर लगे ताला को खोले जाने की मांग की है। कस्बा निवासी सुखदेव, चंद्रभान, राजेश, कुलबीर व विक्रम आदि ने बताया कि बीडीपीओ कार्यालय के पिछले गेट पर हर समय ताला लगा रहता है। जिससे लोगों को बीडीपीओ कार्यालय व एसडीएम कार्यालय में घूमकर जाना पड़ता है। जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि बीडीपीओ कार्यालय के पिछले गेट पर ताला होने से आसपास के लोग बीडीपीओ कार्यालय परिसर के अंदर गोबर के ऊपले बनाने का काम कर रहे हैं। जिससे हर समय गदंगी का माहौल बना रहता है।

### अलमारी में रखे 35 हजार रुपये चोरी

**यमुनानगर।** शहर की शिवपुरी बी कॉलोनी निवासी महेंद्र जायसवाल ने गांधी नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 17 नवंबर को शाम आठ बजे परिवार के सदस्यों के साथ घर का ताला लगाकर समझ में भाग लेने के लिए गया था जब वह 20 नवंबर को शाम पांच बजे वापस घर लौटे तो गेट का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर में रखी आलमारी खुली हुई थी। जिसके अंदर से करीब 35 हजार रुपये की कैश गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### जानलेवा हमला करने का पांचवां आरोपी काबू

**पानीपत।** फतेहपुरी चौक पर गीता कॉलोनी निवासी कृष पर बर्फ तोड़ने वाले सूए से हमला कर गंभीर चोट मारने मामले में थाना तहसील कैंप पुलिस ने वीरवार को फरार चल रहे पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोतीराम कॉलोनी निवासी विक्की के रूप में हुई है। चार साथी आरोपियों पहले गिरफ्तार हो चुके है।

---

### जिला पुलिस प्रशासन ने यातायात के नियमों को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

# बढ़ रहे वाहनों और बदलते मौसम में सावधानियां बरतना जरूरी : राणा

**थाना यातायात पुलिस प्रभारी कुशल पाल ने टैक्सी चालकों को दी यातायात के नियमों की जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। टैक्सी चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस प्रशासन ने शुक्रवार को शहर में अभियान चलाकर टैक्सी चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी दी। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में यातायात पुलिस प्रभारी कुशल पाल राणा मौजूद रहे। यातायात पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर कुशल पाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा शहर में लगातार बढ़ रहे वाहनों और बदलते मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विशेष अभियान शुरू किया है।

उन्होंने बताया कि इसी अभियान के तहत शुक्रवार को प्यारा चौक व बस स्टैंड जगाधरी में टैक्सी चालकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। थाना यातायात प्रभारी कुशल पाल ने टीम के साथ मिलकर टैक्सी चालकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित चालकों को बताया गया कि बढ़ते ट्रैफिक और बदलते मौसम, विशेष रूप से धुंध के दौरान, सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

यातायात प्रभारी कुशल पाल ने टैक्सी चालकों को समझाया कि शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए गति सीमा का पालन करना, वाहन की नियमित जांच कराना और सड़क संकेतों का पालन करना न सिर्फ अनिवार्य है बल्कि उनकी अपनी सुरक्षा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कई सड़क दुर्घटनाएं केवल इसलिए होती हैं क्योंकि ड्राइवर जल्दबाजी में नियमों की अनदेखी कर देते हैं। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि धुंध और सर्दी के मौसम में दृश्यता कम हो जाती हैए जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इस स्थिति से निपटने के लिए वाहन चालकों को लो.बीम हेडलाइट का प्रयोग करने, इंडिकेटर सही समय पर लगाने और अचानक ब्रेक लगाने से बचने की सलाह दी गई। इसके अलावाए वाहन के आगे और पीछे रिफ्लेक्टर लगाने के महत्व पर भी जोर दिया गया ताकि धुंध में वाहन दूर से ही दिखाई दे सकें। पुलिस अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि यातायात व्यवस्था को सुधारना तभी संभव है जब वाहन चालक स्वयं जागरूक हों और नियमों का पालन करें। उन्होंने टैक्सी चालकों से आग्रह किया कि वे यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें और ड्राइविंग के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें।

**पुलिस की पहल का स्वागत**

इस मौके पर कई चालकों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया और बताया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम उन्हें बदलते समय के साथ नई जानकारी प्रदान करते हैंए जिससे वे सड़क पर अधिक सतर्क रह पाते हैं। यातायात पुलिस ने आशा व्यक्त की कि इस तरह के अभियानों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यातायात व्यवस्था अधिक सुचारू होगी।

---



यमुनानगर। यमुनानगर की एंटी व्हीकल थेफ्टसेल की टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी बाइक चोर। फोटो : हरिभूमि

## कलानौर बॉर्डर से युवक को गिरफ्तार कर बरामद की चोरी की एक्टिवा और बाइक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

एंटी व्हीकल थेप्ट सेल की टीम ने कलानौर बॉर्डर के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक चोरी की बाइक व एक्टिवा बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत मे पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की एक्टिवा को लेकर कलानौर होता हुआ उत्तर प्रदेश की तरफ जाएंगे। इस सूचना के आधार परए मुख्य सिपाही हरबिलास, धर्मेंद्र, योगेश, रविंदर, नरेश के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक युवक एक्टिवा पर आता दिखाई दिया। टीम ने उसे रोककर जांच की तो उनके पास से चोरी की एक्टिवा बरामद हुई। आरोपी ने यह एक्टिवा 20 नवंबर को टाउन पार्क जगाधरी से चोरी की थी। पूछताछ में आरोपी की पहचान सहारनपुर के गांव कुतुबपुर निवासी गयूर के नाम से हुई। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी ने 15 नवंबर को थाना शहर यमुनानगर क्षेत्र से एक बाइक चोरी की थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

---

## गतका स्पर्धा में गगनदीप प्रथम

- न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर में पहुंचने पर छात्रा गगनदीप का प्रधानाचार्या व अन्य स्टाफ सदस्यों ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। न्यू हैप्पी स्कूल में पहुंचे विजेता छात्र गगनदीप सिंह का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्या व अन्य स्टाफ सदस्य।

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर(यमुनानगर) के छात्र गगनदीप सिंह ने गत दिवस गुरू तेग बहादुर साहिब जी के शहीदी दिवस के 350 सालों के उपलक्ष में गुरुद्वारा श्री पंजोकरा साहिब अंबाला में आयोजित गतका एवं गुरबाणी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। आठवीं के छात्र गगनदीप सिंह ने गतका के मरहटी इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शुक्रवार को विजेता छात्रा गगनदीप सिंह के स्कूल में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदू शर्मा ने बताया कि गुरू तेग बहादुर साहिब जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष में गत दिवस गुरुद्वारा श्री पंजोकरा साहिब अंबाला में गतका व गुरबाणी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उनके स्कूल के गगनदीप, करनदीप व हरकबीर आदि समेत विभिन्न जिलों के बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान गतका प्रतियोगिता में गगनदीप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, छात्र करनदीप सिंह व हरकबीर ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदू शर्मा ने कहा कि उनके स्कूल के विद्यार्थियों की यह उपलब्धि पूरे विद्यालय और जिला यमुनानगर के लिए गर्व का क्षण है। गतका न केवल एक मार्शल आर्ट है। बल्कि यह साहस, आत्मरक्षा, अनुशासन और मानसिक एकाग्रता का अद्भुत संगम है।

---

## 23 व 24 को आयोजित होगा महोत्सव

- महोत्सव में महंत श्रीराम सुंदर दास महाराज देंगे श्रद्धालुओं को दीक्षा और आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। श्री लालद्वारा मंदिर में आयोजित होने वाले महोत्सव के बारे में जानकारी देतेमंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश मेहता व अन्य। फोटो : हरिभूमि

श्रीलाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में 23 एवं 24 नवंबर को श्री श्री 1008 महंत श्री रामसुंदर दास जी महाराज का जन्मोत्सव एवं मंदिर में स्थापित 22 मूर्तियों के स्थापना दिवस के अवसर पर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की आशा है। उक्त जानकारी श्री लालद्वारा मंदिर प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष रमेश मेहता समेत अन्य पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मंदिर में बातचीत करते हुए दी। मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश मेहताय वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश शर्मा व दविंद्र मेहता ने बताया कि महोत्सव महंत श्री राम सुंदर दास जी महाराज भी भाग लेंगे।

महाराज जी 23 नवंबर को सुबह पहले श्रद्धालुओं को नाम दीक्षा और उसके बाद दर्शन एवं आशीर्वाद देंगे। इन कार्यक्रमों को लेकर कमेटी सदस्यों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कई भजन मंडलियों के सदस्यों के साथ साथ लवली मान भी अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे।

भजन कीर्तन के बाद भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। 24 नवंबर को भी महाराज श्रद्धालुओं को नाम दीक्षा व आशीर्वाद देंगे। उन्होंने बताया कि वैसे एक नवंबर को महंत जी का जन्म उत्सव होता है। लेकिन अलग अलग शहरों में इस जन्मोत्सव को अलग अलग दिनों मे मनाया जाता है। इसी के तहत यमुनानगर लाल द्वारा मंदिर में यह कार्यक्रम 23 नवंबर को मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के सदस्य नरेंद्र ओबराय, देवेंद्र मेहता, वासुदेव वर्मा, सोनू मेहता, मैनेजर राजेंद्र सोबती, संदीप दत्ता, पंडित रजनीश शर्मा व विनोद सोही आदि मौजूद रहे।

---

## विधायक व नगर निगम आयुक्त ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर




यमुनानगर। शहीदी दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक में भाग विधायक, निगम आयुक्त व अन्य। फोटो : हरिभूमि

श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर शहीदी दिवस समागम की तैयारियों को लेकर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व नगर निगम के आयुक्त महावीर प्रसाद ने जिला के गुरुद्वारा प्रबंधक समितियों व प्रशासन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर 25 नवंबर को जिला कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लाखों की संख्या में संगत समागम में पहुंचेगी। नगर निगम आयुक्त महावीर प्रसाद ने शहीदी दिवस समागम के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समागम में शामिल कोई भी संगतए अधिकारी व कर्मचारी शराब, बीड़ी, तंबाकू व अन्य नशीले पदार्थों का सेवन न करें और मर्यादा में रहकर सिख धर्म की सभी धार्मिक मर्यादाओं का पालन करें। बैठक में सिख समुदाय के वरिष्ठ नागरिकों एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने बताया कि शहीदी दिवस समागम को लेकर सिख समुदाय के लोगों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### शादी का झांसा देकर महिला को किया अगवा

**यमुनानगर।** व्यासपुर बाजार से एक व्यक्ति 41 वर्षीय महिला को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार व्यासपुर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 41 वर्षीय पत्नी 15 नवंबर को दोपहर एक बजे व्यासपुर बाजार में खरीदारी करने के लिए गई थी मगर इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसे अपनी पत्नी का कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उसे मालूम हुआ कि उसकी पत्नी को अंबाला कैंट निवासी विकास गोयल शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उसने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

## भाजपा सरकार गरीबों का कर रही शोषण

- कांग्रेस के प्रदेशस्तरीय वरिष्ठ नेता सतीश दताना ने भाजपा सरकार पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर। रादौर में जनसंपर्क अभियान के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस के प्रदेशस्तरीय वरिष्ठ नेता सतीश दताना। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा की भाजपा सरकार गरीबों का शोषण करने में लगी है। आज गरीबों को अमीर बताकर उन्हें लाडली योजना से वंचित किया जा रहा है। गरीब लोगों के पीले राशन कार्ड काटे जा रहे हैं। उक्त आरोप कांग्रेस के प्रदेशस्तरीय वरिष्ठ नेता सतीश दताना ने रादौर में जनसंपर्क के दौरान कहे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश दताना ने कहा कि महिलाओं को 2100 रूपये देकर उनके पीले राशन कार्ड काटने का काम कर रही है। भाजपा सरकार की मंशा गरीब लोगों के प्रति ठीक नहीं है। यदि कोई गरीब व्यक्ति पाई पाई पैसे जोड़कर अपने काम पर जाने के लिए एक मोटरसाइकिल खरीद लेता है तो उसे अमीर की श्रेणी में जोड़कर उसका पीला राशन कार्ड काट दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी फर्जी वोटो के दम पर सरकार बना लेती है। जिससे आम जनता के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। भाजपा सरकार टैक्स का बोझ आम जनता पर लादकर अपनी जेबे भरने का काम कर रही है। आज भाजपा सरकार में उनके कार्यकर्ताओं के ही काम नहीं हो रहे हैं।

भाजपा सरकार ने खाद के दाम बढ़ाकर किसान वर्ग की कमर तोड़ने का काम किया है। सरकार ने गन्ने के दामों मे मामूली सी वृद्धि करके किसानों को ठगने का काम किया है। किसानों की फसल एमएसपी पर नहीं खरीदी जा रही हैं। जिससे किसान ओर अधिक कर्ज की स्थिति में आता जा रहा है। दताना ने कहा कि देश व प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर किसानों को 500 रूपये प्रति क्विंटल गन्ने का दाम दिया जाएगा।

---

**शहीदी यात्रा** | शहीदी यात्रा का मेयर हाउस में पहुंचने पर मेयर सुमन बहमनी ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

# मानवता के संरक्षक गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाओं का मानव जीवन पर है गहरा प्रभाव: बहमनी

**गुरु तेग बहादुर ने दी नम्रता, त्याग और साहस से जोड़ने की प्रेरणा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के अवसर पर निकाली जा रही पवित्र शहीदी यात्रा का मॉडल टाउन स्थित मेयर हाउस पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। मेयर सुमन बहमनी ने परिवार सहित व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने अन्य गणमान्य नागरिकों और निगम स्टाफ समेत यात्रा पर पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। मेयर ने संगत के साथ शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। यात्रा में शामिल संगत के लिए मेयर हाउस के बाहर चाय प्रसाद की व्यवस्था की गई। यात्रा में शामिल सभी संगत सदस्यों को प्रसाद वितरित किया गया।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि सिख धर्म के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी का जीवन त्याग, तप, मानवता और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक माना जाता है। धर्म, मानवाधिकार और निष्पक्षता की रक्षा के लिए दिया गया उनका योगदान न केवल सिख इतिहास बल्कि विश्व इतिहास में भी अद्वितीय है। गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाएं आज भी मानव जीवन को आध्यात्मिकए नैतिक और सामाजिक आधार प्रदान करती हैं और आधुनिक समय में भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। जितनी तीन शताब्दी पहले थीं। गुरु तेग बहादुर साहिब ने मानव जीवन को सत्य, धैर्य, नम्रता, त्याग और साहस जैसे मूल्यों से जोड़ने की प्रेरणा दी। उनका उपदेश था कि सच्चा मनुष्य वह है जो सत्य के मार्ग पर डट कर खड़ा रहे और कमजोरों की रक्षा के लिए अपनी शक्ति और जीवन तक समर्पित कर सके। इसी कारण उन्हें हिंद दी चादर कहा गया। क्योंकि उन्होंने कश्मीर के हिंदुओं, पंडितों और आम जनता के धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। यह संदेश आज भी समाज को यह सिखाता है कि धर्म का वास्तविक अर्थ सबके अधिकारों का सम्मान है।



यमुनानगर। मेयर हाउस में पहुंचने पर शीश नवाकर शहीदी यात्रा का स्वागत करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

मेयर बहमनी ने कहा कि एक महान योद्धा आध्यात्मिक व्यक्तित्व और मातृभूमि के प्रेमी गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान की मानवता सदैव ऋणी रहेगी। उन्होंने धर्म, मातृभूमि और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। मौके पर आयुष विभाग हरियाणा के पूर्व निदेशक डॉ. सतपाल बहमनी, पार्षद विभोर पाहुजा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन सग्गड़, मंडल अध्यक्ष शुभम राणा, साहिल, निरंजन सिंह व प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

---

## पांसरा फाटक के पास ट्रक में मृत मिला चालक

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पांसरा फाटक के पास देर शाम ट्रक में चालक का शव बरामद हुआ। मृतक चालक अपने ट्रक में थर्मल पावर प्लांट में केमिकल लेकर आया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अजैब सिंह और इंस्पेक्टर रमेश बाजवा ने बताया उन्हें सूचना मिली थी कि पांसरा फाटक के पास ट्रक में चालक मृत हालत में पड़ा है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को नीचे उतारा और उसे शहर के सिविल अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी से मिले दस्तावेजों से उसकी पहचान

राजस्थान के झुंझुनूं जिला निवासी 43 वर्षीय संजय के रूप में हुई। मृतक थर्मल पावर प्लांट के लिए ट्रक में केमिकल लेकर आया था। पुलिस ने हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी। मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि संजय कई दिनों से बीमार चल रहा था। उसे पीलिया और हृदय संबंधी परेशानी भी रहती थी। उधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

